## धनतेरस के साथ ही पांच दिवसीय दीपोत्सव का हुआ आगाज, चौक चौराहों पर तैनात पुलिसकर्मी

# धनतेरस पर बाजारों में उमड़ी भीड़, लोगों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

धनतेरस के साथ ही शनिवार से इस बार भी पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरुआत हो गई है। धन और आरोग्य के देवता धन्वन्तरि के प्राकट्य पर्व पर प्रदेश के बाजारों में अरबों रूपए का धन बरसा। बाजार विशेषज्ञों की मानें इस बार हर सेटर में खासा रुझान दिखा। लोग पसंदीदा और जरूरत के सामानों की खरीदी की। खरीफ फसलों के बेहतर उत्पादन होने से ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहरों तक उत्साह का माहौल है।

धनतेरस पर शहर में करोड़ों, अरबों रुपए तक तो तहसीलों में लाखों रूपए के कारोबार हुआ। सबसे ज्यादा मांग ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन और सराफा बाजार में नजर आई। कपड़ा, मिठाई, पटाखे, फर्नीचर समेत सजावटी सामान का बाजार भी गुलजार है। इस बार कंपनियों ने बड़े-बड़े ऑफर्स पेश किए हैं। इसका फायदा उपभोक्ता ने उठाया।



कारोबारियों का कहना है, पिछले साल की तुलना में इस बार ज्यादा कारोबार दिवाली पर होगा। आर्थिक बाजार विश्लेषक कहना है, सोना-चांदी के बढ़ते भाव रुके हैं। लोग इसमें ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं। ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी ज्यादा मांग

दिखाई दी।

### चौराहों पर तैनात रही पुलिस, कहीं कहीं लगा जाम

धनतेरस पर शनिवार को चौक चौराहों पर पुलिस तैनात रही। लेकिन कहीं कहीं लोगों की भीड़ अधिक होने की वजह से जाम की स्थिति बन गई। फिर भी पुलिस द्वारा यातायात को लेकर भी अच्छी व्यवस्थाएं बनाई गई है जिससे किसी भी प्रकार की दिक्कत लोगों को न हो सके। वहीं शहर के बाजारों में सुबह से ही ग्राहकों की भारी भीड़ देखी गई, जिसमें बर्तन, गहने, इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन और सजावट का सामान खरीदने वालों का उत्साह देखने लायक था। दिन भर बाजारों में रौनक बनी रही और देर रात तक खरीदारी चलती रही, जिससे दुकानदारों में भी खुशी है।

**लोगों ने खरीदा:** धनतेरस पर लोगों ने मुख्य रूप से बर्तन, गहने, इलेक्ट्रॉनिक्स (जैसे एलईडी टीवी, मोबाइल, वाशिंग मशीन), ऑटोमोबाइल (कार और बाइक), और सजावट का सामान जैसे दीये, झालर और रंगोली की सामग्री खरीदी।

**आर्थिक कारोबार:** धनतेरस के मौके पर कारोबार में भी तेजी देखी गई। पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष ग्राहकों की आवाजाही अधिक थी, जो दुकानदारों के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

**यातायात व्यवस्था:** बढ़ते ट्रैफिक और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यातायात पुलिस ने भी विशेष व्यवस्था की थी, जिसमें मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग और कुछ क्षेत्रों को 'नो-व्हीकल जोन' घोषित करना शामिल था।

### धनतेरस पर विधि विधान से हुई पूजा अर्चना

धनतेरस पर लोगों ने शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना की। शनिवार को प्रदोष काल शाम 5 बजकर 48 मिनट से शुरू होकर रात 8 बजकर 20 मिनट तक पूजा की। वृषभ काल शाम 7 बजकर 16 मिनट से शुरू होकर 9 बजकर 11 मिनट तक रहा। पूजा मुहूर्त शाम 7 बजकर 16 मिनट से रात 9 बजकर 11 मिनट की गई।

### न्यूटन के सिरप पीड़ित परिवार ने कराई टेस्टिंग

## भोपाल की ड्रग टेस्टिंग लैब ने कोल्ड्रिफ सिरप को बताया अमानक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

जहरीले सिरप कोल्ड्रिफ को भोपाल की ड्रग टेस्टिंग लैब ने अमानक बताया है। शनिवार को ड्रग टेस्टिंग लेबोरेटरी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन मध्य प्रदेश ने इसकी रिपोर्ट दी है। न्यूटन में सिरप से पीड़ित परिवार ने सिरप की जांच कराई है। इस परिवार के बेटे अदनान की सिरप पीने से मौत हो गई थी। औषधी निरीक्षक को जांच के लिए परिवार ने आवेदन दिया था। सात सौ रुपए शुल्क अदा कर जांच कराई गई। श्रेसन कंपनी के कोल्ड्रिफ सिरप के बैच नंबर एसआर 13 की जांच की गई। इसकी जांच रिपोर्ट में मई 25 में इसका निर्माण होना बताया गया। अप्रेल 27 इसकी एक्सपायरी तिथी है। एनालिसिस के बाद अपने ओपिनियन में इसे ड्रग एंड कास्मेटिक्स एक्ट के प्रावधानों के तहत स्टेंडर्ड क्वालिटी का नहीं पाया गया। इसमें डीईजी की मात्रा ज्यादा पाई गई। जांचकर्ता एबी अठारे के हस्ताक्षर इस पर है।

### 8 मरीजों को इलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू लगातार दीन-दुखियों, गरीब परिवारों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की लगातार आर्थिक सहायता कर रहे है। हर माह गंभीर रूप बीमार मरीजों को लाखों रूपये की सहायता इलाज के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। सहायता राशि मिलने पर मरीजों का महानगरों और छिंदवाड़ा में बेहतर ईलाज हो रहा है। लोग भी लगातार सांसद श्री साहू से सहायता राशि के लिए गुहार लगा रहे है। जिस पर वे गंभीरता से विचार कर लोगों को सहायता राशि भी उपलब्ध करा रहे है।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों ने लिया लाभ

### सैकड़ों ग्रामीणों ने लिया स्वास्थ्य लाभ,मिला मुफ्त इलाज और दवाइयां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितंबर) से प्रारंभ हुए "100 दिन सेवा, संकल्प और स्वास्थ्य" अभियान के तहत शनिवार को ग्राम खैरी टोला, चौरई में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह इस अभियान का 32वां शिविर था, जिसका आयोजन सांसद श्री विवेक 'बंटी' साहू के मार्गदर्शन में किया गया।शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने पहुंचकर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, उपचार, परामर्श और दवाइयों का लाभ लिया। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा हड्डी, आंख, दांत, हृदय, स्त्री एवं बाल रोग, शुगर, ब्लड प्रेशर सहित कई बीमारियों की जांच की गई।

जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त सर्जरी और दवाइयों की सुविधा भी प्रदान की गई।सांसद श्री विवेक बंटी साहू ने बताया कि इस सेवा अभियान का उद्देश्य हर वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य है कि गांव और ग्रामीण अंचलों के लोग भी बड़े अस्पतालों जैसी बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सेवा-संकल्प से प्रेरित होकर यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा।भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय ने बताया कि यह शिविर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा भाव और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के आदर्शों को समर्पित है। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आसान हुई है और लोगों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ी है।शिविर में कुल 548 मरीजों का परीक्षण किया गया — जिनमें पुरुष 261 और महिलाएं 287 शामिल थीं। इनमें से 2 मरीजों को आगे के उपचार हेतु रेफर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद श्री विवेक बंटी साहू, विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विजेंद्र ठाकुर, रिजवान कुरैशी, राजू नरोटे, पप्पू ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता वेद प्रकाश चौरसिया, अतरलाल वर्मा, श्यामराव पोरगड़े, अनिल उइके, अनमोल चौधरी, बंटू चौहान, शिवराम वर्मा, सादिक अली मीर, श्याम चौरसिया, श्यामलाल नामदेव, सुमित सराठे, राजवंश ठाकुर, दान सिंह चंद्रवंशी, डॉ. हरि राय, पत्रकार श्याम चौरसिया, ग्राम सरपंच, सचिव, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### पर्यावरण जागरूकता पर व्याख्यानमाला का हुआ आयोजन

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार वीर अमर शहीद स्वर्गीय श्री कबीर दास उईके शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता पर गत दिवस व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस दौरान संयोजक डॉ.शिवानी सोनी द्वारा बताया गया कि पर्यावरण जागरूकता का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है, ताकि वह प्रकृति में आ रहे बदलाव को समझ सके। प्राकृतिक आपदाओं का मुख्य कारण पारिस्थितिक असंतुलन है। डॉ.कीर्ति डेहरिया द्वारा छात्र-छात्राओं को पौधारोपण कर उसका संरक्षण करने पर जोर दिया गया। श्री दुजारी बोसम द्वारा मुख्य जीव जंतु और वनस्पति का पारस्परिक संबंध समझाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल अधिकारी डॉ.नवीन कुमार चौरसिया द्वारा ग्लोबल वार्मिंग, प्लास्टिक प्रदूषण, ग्रीन हाउस गैस के विषय में बताया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी स्टाफ डॉ. नसरीन अंजुम खान, श्री अजीत गौतम, डॉ.मधुरी पुसे एवं स्वयंसेवक श्री गजानन विश्वकर्मा, सुश्री गीता खापरे, सुश्री सिद्धि खापरे, सुश्री मधुबाला ने पर्यावरण पर अपने विचार सांझा किए।

### जिले में अभी तक 1048.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 1048.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 1334 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 18 अक्टूबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान वर्षा नहीं हुई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 18 अक्टूबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान जिले की तहसीलों में वर्षा नहीं हुई । उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 950.7, मोहखेड़ 997.9, तामिया में 1294.2, अमरवाड़ा 990.2, चौरई में 1038.8, हर्रई में 1452.9, बिछुआ में 990.4, परासिया में 787.3, जुन्नारदेव में 992.2, चांद में 1088.8 और उमरेठ में 1006.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### धनतेरस पर होती है आयुर्वेद के भगवान धनवंतरी की पूजा

**छिंदवाड़ा।** आयुर्वेद के देवता भगवान धन्वंतरी की जयंती पर आज विशेष पूजा अर्चना की गई एवं प्रकटोत्सव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयुर्वेद विभाग सिंगोड़ी के समस्त कर्मचारियों ने इस पावन अवसर पर आयुर्वेद विभाग के औषधालय भवन सिंगोड़ी में भगवान धन्वंतरी जी की विशेष पूजा अर्चना के साथ महाआरती की और उनके आयुर्वेद की दवाईयो के बारे में निरोग काया के बारे में जानकारी दी।

# ओवरहेड टैंकों की साफ-सफाई एवं विसंक्रमण का कार्य भी नियमित अंतराल पर करें: कलेक्टर

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की गहन समीक्षा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति एवं जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड परासिया तथा छिंदवाड़ा के कार्यपालन यंत्री, सभी एसडीओ व उपयंत्री उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने जल-प्रदाय योजनाओं की सतत मॉनिटरिंग एवं कार्यों की गुणवत्ता को लेकर निर्देश जारी किए । कलेक्टर श्री नारायन ने सर्वप्रथम पेयजल कूपों का स्थल निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया कि बी.आई.एस. मानकों के अनुरूप सुरक्षित पेयजल ही जन-सामान्य को उपलब्ध हो। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण नल-जल योजनाओं के लिये स्थापित ओवरहेड टैंकों की साफ-सफाई एवं विसंक्रमण का कार्य नियमित अंतराल पर करने के लिए निर्देशित दिया गया । जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रगतिरत सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये, जिसमें विशेष रूप से पाइपलाइन बिछाने एवं संरचनाओं के निर्माण में तकनीकी विशिष्टीकरण का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया । कलेक्टर श्री नारायन ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रभावी क्षेत्र-पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन की उपलब्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

### सागर में आयोजित 5 दिवसीय राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ समापन

**छिन्दवाड़ा।** स्कूल शिक्षा विभाग लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार म.प्र. राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 17 अक्टूबर तक सागर में किया गया। प्रतियोगिता में इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, सागर, रीवा, शहडोल, उज्जैन, जनजातीय कार्य विभाग, नर्मदापुरम, जबलपुर संभाग के खिलाड़ियों, कोच मैनेजर व खेल प्रशिक्षकों ने भाग लिया।

मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को विधिवत संचालित करने के लिये लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल प्रतिनिधि के तौर पर पीएम श्री शासकीय एमएलबी स्कूल छिंदवाड़ा में कार्यरत क्रीड़ा प्रभारी श्री राकेश चौरसिया को फील्ड ऑफिसर नियुक्त किया गया था । 5 दिनों तक चली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संचालित व निर्विवादित संपन्न करने तथा पारदर्शिता के साथ मध्यप्रदेश दल के गठन करने में श्री चौरसिया द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अभूतपूर्व योगदान दिया गया। 17 से 21 दिसंबर 2025 तक सागर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश दल

# एतश कॉलेज के प्राचार्य एवं प्राध्यापक सम्मानित



**पांढुर्ना।** गत दिवस छिंदवाडा में एनआयटी फाउंडेशन के तत्वाधान में संपन्न दो दिवसी टेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यशाला में एतश कॉलेज पांढुर्ना के प्राचार्य और प्राध्यापकों को प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को उननत शिक्षण विधियों, डिजिटल शिक्षा उपकरणों और आधुनिक प्रशिक्षण तकनीकों से अवगराना था। कार्यशाला मे प्रतिभागियों को प्रभावी शिक्षण कौशल, कक्षा प्रबंधन और छात्रों की सहभागिता बढाने के उपयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। एतश कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विवेक राउत ने इस मौके पर एनआयटी फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी है और इससे शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार संभव है।

### सतपुड़ा एजूकेशन सोसाइटी की वार्षिक आम सभा संपन्न

**छिंदवाड़ा।** सतपुड़ा एजुकेशन सोसाइटी छिंदवाड़ा की वार्षिक आम सभा का आयोजन 17 अक्टूबर को सतपुड़ा लॉ कॉलेज छिंदवाड़ा में संपन्न हुआ। उक्त आमसभा में मुख्य अतिथि समिति अध्यक्ष श्री भजनलाल जी चोपड़े सतपुड़ा लॉ कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष श्री नवनीत व्यास एस आई टी सी के अध्यक्ष श्री गोविंद चौरसिया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ




समिति का वार्षिक प्रतिवेदन शासकीय अधिवक्ता एवं समिति के सचिव अजय पालीवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया । जिसमें सोसाइटी ,लॉ कॉलेज एवं एस आई टी सी की ऑडिट रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण आय व्यय का लेखा जोखा एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव आमसभा में पारित किए गए। एस आई टी सी की उपलब्धियां सचिव श्री योगेश पटेल द्वारा बताई गई। सभा में कॉलेज में अन्य पाठ्यक्रम प्रारंभ करने संबंधित चर्चा की गई।आमसभा में समिति के आजीवन सदस्यगण उपस्थित रहे।सभा का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती जी के पूजन से हुआ । सभा का समापन स्नेह भोज के साथ संपन्न हुआ।

### पीएम श्री एवं महर्षि कॉलेज की टीमें पहुंची संभागीय योग प्रतियोगिता में

**पांढुर्ना।** स्थानीय पीएम श्री शा. साइंस कॉलेज में आज जिलास्तरीय योग (पुरूष/महिला) प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ प्राचार्या डॉ. शहनाज खान द्वारा शा. महाविद्यालय लोधिखेडा सोहन सिंह एवं राजपाल घोडे की उपस्थिति में हुआ। इस प्रतियोगिता में महिला वर्ग में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस तथा पुरूष वर्ग में न्यू महर्षि विश्वामित्र कॉलेज पांढुर्ना विजेता रहा। इस आयोजन को सफलतापूर्वक कराने में खेल सहायक भोजराज कराले, बालकदास पाटिल तथा नयन सहारे महत्वपूर्ण योगदान रहा। विजेता एवं उपविजेता टीम को उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रमाणपत्र दिए गए। क्रिडा अधिकारी सुरज रामटेके द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इन्होंने बताया कि चयनित टीम आगामी 23 अक्तु 2025 को छिंदवाडा के पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस में होने जा रही संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सहभाग लेंगी।



### सैकड़ों ग्रामीणों ने लिया स्वास्थ्य लाभ,मिला मुफ्त इलाज और दवाइयां

**छिन्दवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से प्रारंभ होकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस 25 दिसंबर तक आयोजित होने वाले 100 दिन सेवा, संकल्प और स्वास्थ्य अभियान के तहत शनिवार को चौरई के ग्राम खैरी टोला में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह इस अभियान का 32 वां शिविर था, जिसका शुभारंभ सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा किया गया। सांसद बंटी विवेक साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उपस्थित जनों को बताया कि इस सेवा अभियान का उद्देश्य हर वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य है कि गांव और ग्रामीण अंचलों के लोग भी बड़े अस्पतालों जैसी बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें।

## जल संवर्धन, पर्यावरण के विरुद्ध अपनाया जा रहा आचरण

# आंगनबाड़ी की बाउंड्रीवॉल तोड़ने कुएं को दफन करने के बाद हर्रा के पेड़ की बारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया तहसील में ऐसा लगता है कि शासन प्रशासन के कोई नियम कानून शायद लागू नहीं होते। इस कारण अधिकारियों की मनमानी चरम पर है, उनकी लापरवाही के चलते मूलभूत सुविधाएं एवं आमजन से जुड़े मामलों में भी लापरवाही हर विभाग में साफ देखने मिलती है।

ऐसा ही एक उदाहरण पिछले दो वर्षों से सीम एम राईज स्कूल जो सांदीपनी स्कूल के नाम से जाने जाने लगा है। इसमें ठेकेदार एवं इससे संबंधित निर्माण एजेंसी ने इस स्कूल परिसर में हमेशा जन विरोधी काम एवं शासन के नियम कानून की अनदेखी करना इनका मूल उद्देश्य रहा है। इसका सबसे



ज्वलंत उदाहरण दे रहा है कि खेल परिसर के 100 छात्रों के लिए बना परिसर खेल मैदान पर इन्होंने प्राचार्य की मिली भगत के साथ सहायक के संरक्षण में यहां पर उदयीमान खिलाड़ियों



को खेल से वंचित रखकर खेल प्रतिभाओं का खुला हनन ठेकेदार द्वारा किया गया।

इसका कोई विरोध नहीं होने के कारण इनका दिन प्रतिदिन हौसला बढ़ता गया और उन्होंने सार्वजनिक कुएं तक को दफन कर डाला इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं होना संबंधित विभाग के अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। इसके बाद इन्होंने इसी परिसर में थाना मोहल्ला के बच्चों के लिए बनी आदर्श आंगनवाड़ी की बाउंड्री बाल तोड़कर अपना रसूल दिखलाया और आज मासूम बच्चे जिसका खामियाजा भुगत रहे है। इतने गंभीर मामलों में अधिकारियों की अनुदखी का फायदा उठाकर इस परिसर में प्रकृति द्वारा वनोंपज देने वाले हर्रा के पेड़ को काटने की पूरी तैयारी कर ली है क्योंकि इस पेड़ के बाजू में नाली नुमा कोई कंस्ट्रक्शन किया जा रहा है जो आवश्यक नहीं था लेकिन यहां पर भी ठेकेदार की मनमानी अधिकारियों को संरक्षण में इस पेड़ को काटे जाने में देखने मिल रही है जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर्यावरण के उद्देश्य योजनाओं के माध्यम से वृक्षारोपण पर भारी भरकम बजट के साथ जोर दे रहे हैं कि पेड़ लग जाएं एवं लगे पेड़ अनावश्यक ना काटे लेकिन तामिया के इस स्कूल परिसर में शासन की सारी जन उपयोगी योजना का खुला उल्लंघन अधिकारियों के संरक्षण में होता चला रहा है।

यदि प्रशासन को इस पेड़ को बचाना है तो कोई ठोस कदम वर्तमान में नहीं उठाया गया तो आंगनबाड़ी की बाउंड्री वाल एवं पेयजल देने वाले कुएं के जैसा हाल हर्रा के इस पेड़ का भी होना तय है।

## लोगों में दिखा पांच दिवसीय पर्व को लेकर उत्साह, बच्चों ने अभी से फटाखों की खरीदी की

# धनतेरस पर जमकर बरसा धन, हुई जमकर खरीददारी







हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

सिंगोड़ी में धनतेरस के दिन साप्ताहिक बाजार में जमकर व्यापार हुआ। आभूषण, कपड़े, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक सामान और किराना दुकानों में अच्छी बिक्री हुई। हालांकि, पटाखा व्यापारियों को थोड़ी निराशा हाथ लगी क्योंकि इस बार बिक्री थोड़ी देर से शुरू हुई। स्थानीय व्यापारी और समाजसेवी पवन राव सोनी ने बताया कि आने वाले पंच दिवसीय दीपोत्सव में लोग उत्साह से भाग लेंगे और विभिन्न त्योहारों को मनाएंगे।

### व्यापार की स्थिति

**आभूषण और कपड़े:** इन दुकानों में अच्छी बिक्री हुई और लोगों ने जमकर खरीदारी की।

**बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक सामान:** इन दुकानों में भी अच्छी बिक्री हुई और लोगों ने अपनी जरूरतों के हिसाब से खरीदारी की।

**किराना दुकानें:** इन दुकानों में भी अच्छी बिक्री हुई और लोगों ने दीपावली के लिए जरूरी सामान खरीदे।

**पटाखा व्यापारी:** इस बार पटाखा व्यापारियों को थोड़ी निराशा हाथ लगी क्योंकि बिक्री थोड़ी देर से शुरू हुई।

**समाजसेवी का बयान:-** पवन राव सोनी: उन्होंने बताया कि आने वाले पंच दिवसीय दीपोत्सव में लोग उत्साह से भाग लेंगे और विभिन्न त्योहारों को मनाएंगे। उन्होंने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

**दीपोत्सव के कार्यक्रम:-**

धनतेरस: इस दिन से दीपोत्सव की शुरुआत होती है और लोग अपने घरों में दीप जलाते हैं।

**रूप चतुर्दशी:** इस दिन को नरक चतुर्दशी के नाम से भी जाना जाता है और लोग सुबह स्नान करके दीप जलाते हैं।

**दीपावली:** यह सबसे महत्वपूर्ण दिन होता है जब लोग अपने घरों में दीप जलाते हैं और लक्ष्मी जी की पूजा करते हैं।

**अन्नकूट:** दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा के रूप में मनाया जाता है और लोग अन्नकूट का भोग लगाते हैं।

**भाईदूज:** यह त्योहार भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है और बहनें अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। त्यौहार को लेकर बाजार गुलजार नजर आ रहे है।

## झोलाछाप डॉक्टर ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर कर रहे मरीजों की जान से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

दमुआ के दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रो में पहुंच कर झोलाछाप डाक्टरों के द्वारा भोलेभाले ग्रामीणजनो एवं परिवार के लोगो का इलाज किया जा रहा है प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्ञात हुआ कि दमुआ, नंदन, परिया क्षेत्र कुछ प्रायवेट झोलाछाप डाक्टर गांव मे पहुंचकर लोगो का इलाज कर रहे है जबकि ज्ञात हुआ कि ये डाक्टर फर्जी तरह से डिग्री लेकर लोगो के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड कर रहे है और लोगो को लूट रहे है कई बार ऐसा भी होता है कि यदि इनके इलाज करने के दौरान कोई केस बिगड जाने पर सरकारी अस्पताल जाने की सलाह देते है और अपना पल्ला झाड लेते है। इस तरह दमुआ के आसपास ग्रामीण अंचलो मे गुरेंखुरईमऊ, भालेआम, इकलामासानी, गोप, रामपुर, तराई, पिण्डरई आदि अन्य गांवो में इन झोलाछाप डाक्टरो ने अपना जाल फैला रखा है। जबकि स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य अधिकारियों को चाहिए कि ऐसे झोलाछाप डाक्टरों की जांच पडताल कर इन पर सख्त कार्यवाही की जावे। ताकि लोगो की जान से खिलवाड ना हो सके।

## अधिकारियों द्वारा फटाखा विक्रय स्थल का किया निरीक्षण



**दमुआ।** शासन के अधिकारियों एस.डी.एम. जुन्नारदेव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दमुआ एवं थाना प्रभारी दमुआ द्वारा फटाखा विक्रय स्थल दमुआ सारनी मुख्य मार्ग के समीप निरिक्षण किया गया जहां पर फटाखा व्यापारियों को उचित दिशा निर्देश देते हुए नियमानुसार दुकाने संचालित करने की बात कही गई तथा मौके पता पुख्ता सुरक्षा के इंतजाम करने की बात कही गई । इस संबंध में आज दिनांक 17-10-2025 को पुलिस थाना दमुआ परिसर में समस्त फटाखा दुकानदारो की बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप से थाना प्रभारी दमुआ प्रमोदसिंग सिरसाम द्वारा फटाखा व्यापारियों को समझाईश देते हुए शासन के दिशा निर्देशानुसार फटाख स्थाल पर पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम करते हुए दुकाने संचालित करने की बात कही गई ताकि कोई अनहोनी ना हो सके।

### सर्वोदय अहिंसा अभियान पोस्टर का हुआ विमोचन

**छिंदवाड़ा।** जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के मुख्य उद्देश्य को लेकर सामाजिक संस्था अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन छिंदवाड़ा सहित पूरे देश में वर्ष 1982 से पटाखे रहित दीपावली एवं श्री महावीर निर्वाण महोत्सव की खुशियां मनाकर उस राशि से जनहित के कार्य करता है।सर्वोदय अहिंसा अभियान का यह 43 वां वर्ष हैं जिसके अंतर्गत पटाखों से होने वाली हानियां बताने वाले पोस्टर का विमोचन वीतराग भवन अहिंसा स्थली गोल गंज में बाल ब्रह्मचारी पंडित सुमत प्रकाश जैन के मंगल सानिध्य में वीतराग विज्ञान पाठशाला के विद्यार्थियों के हस्ते किया गया।इस अवसर पर मंडल के मंत्री अशोक वैभव, सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं फेडरेशन के प्रांतीय मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन, पाठशाला संचालिका वर्षा पाटनी, आर्या जैन, संस्कृति जैन सहित बड़ी संख्या में अहिंसा प्रेमी उपस्थित थे और सभी ने पूरे जिले सहित देश में पोस्टर का वितरण कर जीव दया की अपील की।इस अवसर पर 43 वें वर्ष की सराहना करते हुए बाल ब्रह्मचारी पंडित सुमत प्रकाश जैन ने फेडरेशन सहित पाठशाला के बच्चों द्वारा चलाए जा रहे सर्वोदय अहिंसा अभियान की सराहना कर उन्हें साधुवाद दिया।

## मिठाई पाकर बच्चों के चेहरे पर आई खुशियां



**सौंसर।** ग्राम पंचायत रामाकोना के आश्रित ग्राम बिछवी में तर्कशील विचार समिति के द्वारा गोद ली गई आंगनवाड़ी केन्द्र पर धनतेरस दीपोत्सव के प्रथम दिवस के अवसर पर आंगनवाड़ी केन्द्र पर अध्ययनरत छात्र - छात्राओं को लघु उद्योग भारती बोरगांव सचिव,उद्दोजक वामनराव ठोबंरे, पीकेएस गुर्वे दिनकर पातुरकर के हाथों मिठाईयां, चाकलेट, नमकीन के पैकट वितरित किए गये । मिठाईयां, चाकलेट एवं नमकीन के पैकट पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशियां झलकीं। ज्ञात हो की तर्कशील विचार समिति इस आंगनवाड़ी केन्द्र पर समय - समय बच्चों के बिच पहुंचकर विविध गतिविधियों का आयोजन करते रहती है । एक आदर्श आंगनबाड़ी बनाने यहां विकास कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रंजनी ढोने, सहायिका सुमित्रा ढोने , स्वप्निल ढोने, रवि बिस्के एवं आंगनबाड़ी संचालन समिति के कार्यकर्ता उपस्थिति थे ।चर्चा के दौरान वामन ठोंबरे ने बताया बच्चों के बीच में इस साल दिवाली के अवसर पर दिपावली बनाना बहुत अच्छा लगा है यह अवसर हमेशा याद रहेगा।

### प्रज्ञानानंद सरस्वती महाराज पहुंचे चमत्कारी हनुमान मंदिर



**सौंसर।**.शनिवार को आध्यात्मिक संत स्वामी श्री प्रज्ञानानंद सरस्वती महाराज का चमत्कार श्री चमत्कारी हनुमान मंदिर जामसावली आगमन हुआ।इस दौरान स्वामी श्री प्रज्ञानानंद सरस्वती महाराज अपने पवित्र प्रवास के दौरान श्री चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर, हनुमान लोक जामसावली पहुंचे। मंदिर परिसर में पहुंचने पर संत समाज एवं श्रद्धालुओं ने महाराजश्री का पारंपरिक स्वागत किया। महाराज श्री ने श्री हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर देश और समाज में शांति, समृद्धि तथा सद्भावना की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जामसावली धाम भगवान हनुमान जी की दिव्य तपोभूमि है। यहाँ की वायु में भक्ति और ऊर्जा का संचार है। श्रद्धा और सेवा से ही मानव जीवन सफल होता है। जब तक मनुष्य अपने भीतर के अहंकार को त्यागकर भक्ति भाव से जुड़ता नहीं, तब तक सच्चे सुख का अनुभव नहीं कर सकता। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा, सचिव टीकाराम कारोकार, ट्रस्टी एवं जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, दादा राव बोबडे एड अजय धवले मनोहर सेलकी, संतोष डवरे, संजय डवरे, भीमराव वाकोड़े, भास्कर गुढदे, निलेश जुननकर, सुशील महेश्वरी, एड खंडाईत के अलाव महाराज से जुड़े अतुल जूननकर, नामदेव इवनाती, अमोल राऊत, छगन गवनेकर आदि उपस्थित थे।

### प्रयास संगठन ने दूसरों की मदद कर मनाई दीपावली



**सौंसर।** दीपों के पर्व पर जब शहरों में रौशनी जगमगा रही थी, उसी समय ग्राम नवथल (वनग्राम),में प्रयास संगठन, सौसर एवं प्रकाश भाऊ हेल्प ग्रुप, पांढुर्णा द्वारा एक सराहनीय सेवा कार्य करते हुए दूसरों की मदद कर दिवाली मनाने का सराहनीय कार्य किया है,संगठन के पदाधिकारी ने ग्राम नवथल के जरूरतमंद परिवारों को दीपावली की शुभकामनाओं के साथ वस्त्र एवं मिठाई वितरित किए। इस दौरान दीपावली पर्व के पहले महिलाओं को साड़ियाँ और सलवार-सूट, पुरुषों को पैंट-शर्ट, टी-शर्ट, जीन्स, बच्चों के लिए टी-शर्ट, पैंट, फ्रॉक एवं लेगिंग्स के साथ-साथ कुछ ज़रूरतमंदों को कंबल भी वितरित किए गए। इस सेवाभावी पहल से गांव के सभी परिवार लाभान्वित हुए।खुताम्बा सरपंच राधेश्याम इवनाती के साथ खुटामा के सभी पंच की विशेष उपस्थिति और सहयोग किया है।टीम ने गांव के हर घर में जाकर गृहिणियों को साड़ी एवं मिठाइयाँ भेंट कीं, जिससे ग्रामीणों के चेहरों पर दीपावली की सच्ची खुशी झलकती दिखी। इस दौरान प्रयास संगठन के अध्यक्ष श्री राजेश कुमार गुजर ने बताया किसंगठन और हमारा उद्देश्य यही है कि दीपावली केवल एक पर्व न होकर उन वंचित परिवारों के जीवन में भी उजाला लेकर आए जो आज भी समाज की मुख्यधारा से दूर हैं। जब तक जीवन है, हम समाज के हर वर्ग के लिए बिना किसी भेदभाव के कार्य करते रहेंगे।

### परमात्मा एक कार्यक्रम में नशा मुक्ति की शपथ ली

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनझरा में परमात्मा एक जुमदेव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विधायक विवेक विक्की पटेल, सोनझरा की बेटी जिला पंचायत सदस्य डॉ. गीता हनवत, पूर्व सरपंच बुद्धेश बिसेन व गौरीशंकर हरिनखेड़े शामिल हुए। सभी अतिथियों का आयोजकों द्वारा शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों व अतिथियों द्वारा हवन कार्यक्रम में भाग लेकर पुण्य लाभ कमाया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य गीता हनवत ने सेवक सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए नशा को अपने जीवन से दूर कर ईश्वर पर आस्था रखते हुए अपना जीवन सुखमय बनाते हैं।

## केशव स्कूल में साइंस क्लब की गतिविधियाँ की गई आयोजित



**वारासिवनी।** केशव इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल वारासिवनी में साइंस क्लब की विभिन्न रोचक गतिविधियाँ आयोजित की गई। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रूचि और प्रयोगात्मक ज्ञान को बढ़ाना था। इस कार्यक्रम में छात्रों ने एसिड-बेस रिएक्शन का जादू, पॉलीएक्रिलाइट का प्रयोग, शक्कर का उपयोग, फलों और सब्जियों में प्रयुक्त रसायनों की पहचान तथा जल का घनत्व जैसी रोचक गतिविधियाँ प्रस्तुत की। तांत्रिक एवं बाबाओं द्वारा फैलाये जाने वाले अंधविश्वास के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही बलून प्रयोग (वायु दाब) और एथिलीन गैस द्वारा फलों के पकने की प्रक्रिया जैसे प्रयोगों ने विद्यार्थियों को विज्ञान के व्यावहारिक पहलुओं से परिचित कराया। कार्यक्रम का समापन अच्छी आदतों और स्वच्छता के महत्व पर चर्चा के साथ हुआ। विद्यालय प्राचार्य प्रदीप शर्मा ने विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ छात्रों को वैज्ञानिक सोच और नवाचार की दिशा में प्रेरित करती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में साइंस क्लब की अध्यक्ष एवं व्याख्याता श्रीमति राखी ठाकरे, आदर्श वासनिक, तृप्ति बिसेन, ऋतु अटराहे, रविशंकर पटले, जितेन्द्र टेम्भरे एवं सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

## ग्राम बोरबन में जिला स्तरीय हित लाभ वितरण शिविर का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** जिला पंचायत सीईओ ने आदिवासी अंचल के ग्राम बोरबन में जन समस्या शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुना और उनका समाधान किया गया ।इस शिविर में बिजली, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण से जुड़ी कई समस्याओं पर ध्यान दिया गया।

, महिला एवं बाल विकास विभाग में महतारी वंदन राशि की मांग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में नल जल योजना हेतु आवेदन, जल जीवन मिशन के संबंध में मांग और शिकायत, पाईप लाईन विस्तार हेतु मांग, मत्स्य विभाग में मत्स्य पालन हेतु पट्टा प्रदाय हेतु, जाल की मांग, मत्स्य बीज की मांग, रोजगार विभाग में रोजगार पंजीयन, उद्योग विभाग में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना हेतु ऋण प्रदान, लीड बैंक एसबीआई द्वारा बैंक ऋण, नये बैंक खाता खोलने, मुद्रा लोन, बैंकिग सबंधी शिकायत केसीसी, श्रम विभाग में श्रमिक पंजीयन एवं लाभ हेतु आवेदन पंजीकृत श्रमिकों को राशन कार्ड, अन्त्यावसायी विमाग में विभागीय लोन एवं सब्सिडी हेतु आवेदन, उद्यानिकी विभाग मिनी किट वितरण, पशुपालन विभाग में पशुओं का टीकाकरण, के.सी.सी. लोन, चूजे एवं अन्य पशुओं की मांग, स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षा का अधिकार (आरटीई), आदिवासी विकास विभाग में अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन राशि, जल संसाधन विभाग में भूअर्जन, आबकारी विभाग में अवैध शराब निर्माण एवं परिवहन की शिकायत, वन विभाग (एसीटीडब्ल्यू) में वन अधिकार पट्टा तेंदुपत्ता बोनस, वन्य पशु मुआवजा, लोक निर्माण विभाग में पुल पुलिया एवं रोड़ निर्माण की मांग, सहकारिता विभाग में के.सी.सी. लोन की मांग, विद्युत विभाग में विद्युत कनेक्शन की मांग, ट्रान्सफारमर की मांग, बिजली बिल अधिक की शिकायत, क्रेडा विभाग में विभागीय योजना, परिवहन विभाग द्वारा शिविर स्थल पर लर्निंग लायसेंस का निर्माण, नगरीय प्रशासन विभाग में राशन कार्ड की मांग, प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी की मांग के लिए आवेदन स्वीकार किए गए।

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व विभाग द्वारा आय, जाति, निवास प्रमाण का वितरण, प्राकृतिक आपदा सहायता राशि का वितरण, पंचायत विभाग द्वारा रिवालविंग फण्ड, सीआईएफ, पेंशन की स्वीकृति, राष्ट्रीय परिवार सहायार्थ, , अन्य सामाग्री वितरण, निःशक्तजन परिचय पत्र, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, सिकलसेल टेस्ट कार्ड वितरण, खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, उद्योग विभाग द्वारा लोन स्वीकृति, लीड बैंक द्वारा ऋण वितरण, केसीसी, केवायसी अपडेट, बैंक खाता खोलना, नॉमिनेशन अपडेट बैंक लोन पास बुक प्रिंटिंग, कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण वितरण, मृदा परीक्षण कार्ड का वितरण, उद्यानिकी विभाग द्वारा मिनी किट वितरण, पौधा वितरण, वन विभाग द्वारा वन अधिकार पट्टा वितरण, पुशपालको को रेडियम बेल्ट का वितरण, मत्स्य पालन विभाग द्वारा जाल का वितरण, महिला बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार वितरण आदि किए गए। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में पशुपालन, कृषि, वन एवं उद्यानिकी, स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड अपडेशन, हेल्थ, आयुष शिविर, श्रम पंजीयन, महिला बाल विकास से अन्न प्रसासन एवं गोद भराई, पोषण आहार का प्रदर्शन बालिका जन्मोत्सव, 5 बालिकाओं को किट वितरण, स्वच्छ भारत के तहत स्वच्छता एवं सिंगल यूज प्लास्टिक बैन की प्रदर्शनी की स्टॉल लगाया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक शराफ, विनीत जैन डीआईजी, आदर्शकांत शुक्ला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सली सेल लांजी ,बैहर ,एसडीओपी ओमप्रकाश भारतीय पुलिस सेवा एवं समस्त विभाग की समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति सराहनीय रही।

### बैठक में रखी गई स्वास्थ्य सेवाओं की योजनाएं

## जन आरोग्य समिति पीएचसी भानेगाव की बैठक का आयोजन



हरिभूमि न्यूज लांजी ।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भानेगाव में जन आरोग्य समिति की बैठक का आयोजन 18 अक्टूबर 2025 को किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्री रेवाराम करहाटकरे ने की, जबकि डॉ अक्षय उपराडे खंड चिकित्सा अधिकारी लांजी सचिव के रूप में उपस्थित थे। बैठक में डॉ प्रशांत पाटिल चिकित्सा अधिकारी भानेगाव द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्यों का प्रस्ताव विवरण प्रस्तुत किया गया। इनमें पीएनसी वार्ड के सेप्टिक टैंक निर्माण, एएनसी गेट के सामने काउ केचर लगाने, हर्बल गार्डन में गट्टू फिटिंग करने, लेबर रूम और लैब में ईटीपी लगाने जैसे कार्य शामिल थे। बैठक में समाज सेवी लक्ष्मण छुटटानी जी द्वारा 20 नग फायबर चेयर दान स्वरूप अस्पताल को देने की सहमति प्रदान की गई। बैठक में समिति द्वारा अस्पताल के विविध विभागों और परिसर का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर विभु शंकर बुराड़े, लक्समन छुटटानी, युवराज गायकवाड़, होलराज चौहान और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सांसद खेल महोत्सव 2025 का हुआ समापन



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विधानसभा लांजी किरनापुर में सांसद खेल महोत्सव में विभिन्न खेलों के ट्रायल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका समापन 17 अक्टूबर को किया गया। जिसमें विधानसभा लांजी किरनापुर क्षेत्र के लगभग 700 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया विभिन्न खेलों के ट्रायल 15 अक्टूबर को संपन्न कराया गये। जिसमे फुटबाल में शासकीय पी. एम. श्री कुम्हारिखुर्द की बालिका टीम विजयी रही।एवं 16 एवं 17 अक्टूबर को कबड्डी प्रतियोगिता कराई गई जिसमें क्षेत्र के बालक वर्ग में 28 टीमों एवं बालिका वर्ग में 10 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें 17 तारीख को कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला दोनों वर्गों में खेले गए। बालक वर्ग में फाइनल मुकाबला भगत सिंह स्पोर्ट्स अकैडमी लाँजी एवं घोटी के मध्य खेला गया जिसमें भगत सिंह स्पोर्ट्स अकैडमी लाँजी विजेता रही। बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला सिर्री व किरनापुर के मध्य खेला गया जिसमें सिरी टीम विजेता रही। दोनों वर्गों में विजेता एवं उपविजेता टीमों को शील्ड,मेडल एवं नगद पुरस्कार अथितियों के हस्ते वितरित किया गया। सांसद खेल महोत्सव 2025 मुख्य रूप से शिव तारन सांसद खेल प्रतिनिधि एवं गौरव बैस सांसद खेल प्रतिनिधि के प्रतिनिधित्व एवं मार्गदर्शन में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन लांजी मुख्यालय में किया गया जिसका सफलतापूर्वक समापन 17 अक्टूबर को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में हुआ। सांसद कब खेल महोत्सव 2025 को संपन्न कराने सभी विभागों का मुख्य रूप से योगदान रहा एवं उच्च शिक्षा विभाग से किरनापुर एवं लांजी के महाविद्यालय से खेल अधिकारी डॉक्टर ललित कामडे एवं डॉक्टर लीलाधर चचाने खेल विभाग से प्रज्ञात वासनिक ब्लॉक खेल समन्वयक,शिक्षा विभाग से सभी व्यायाम शिक्षक रामगोपाल नगपुरे, प्रकाश श्रीवास्तव सिंधु रिनायत, दुर्गा प्रसाद नंदनवार, सुरेंद्र चित्रिव, सुरेश सोनवाने, सुनील कुमार पिछोड़े, राजकुमार नगपुरे, मनोज कोठारे, नीलेश बाहे, दुर्योधन लिल्हारे, रविशंकर भीमसैनी, संतोष भरने, भगवन्ति खान, सविता कारबेले, परमेश्वर रहांगडाले, एवं भगत सिंह स्पोर्ट्स अकैडमी लांजी के सभी खिलाड़ियों का प्रमुख रूप से योगदान रहा।

## इनामी कूपन ड्रा के विजेताओं को किया गया पुरस्कारों का वितरण

### चंकी पांडे नाईट में शानदार नृत्य का प्रदर्शन करने वाली रितिका, शिवी व अनोखी को किया गया सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नव दुर्गा उत्सव समिति सिविल क्लब वारासिवनी के इनामी कूपन ड्रा में पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कारों का वितरण सिविल क्लब मैदान में किया गया। इस मौके पर अतिथि के रुप में वरिष्ठ पत्रकारगण आनंद ताम्रकार, आनंद वर्मा, गणेश सिंह ठाकुर, जाहिद हुसैन, राजकुमार गुड्डा वर्मा, अनिल लिल्हारे, जेलर अभय वर्मा, वारासिवनी महाराष्ट्र बैंक प्रबंधक महेश राऊत, समिति संरक्षक कन्हैया पातरे, बसंत गिरी, राजेश तिवारी, पुजारी लक्ष्मीकांत शर्मा तथा समिति अध्यक्ष संजय सिंह कछवाहा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

पुरस्कार वितरण समारोह के प्रारंभ में अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत किया गया। उसके बाद समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार आनंद ताम्रकार ने कहा कि वारासिवनी नगर का नाम पहले जिले में नहीं पूरे मध्यप्रदेश में होता था। जब स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व नगरपालिका परिषद वारासिवनी के अध्यक्ष कस्तूरचंद वर्मा रहे थे। तब उन्होंने दुर्गा उत्सव के दौरान प्रदर्शनी लगाने का सिलसिला प्रारंभ किया था। उस समय दो दुर्गा पंडाल हुआ करते थे, तब उन्होंने राष्ट्रीय स्तर के कलाकार, राष्ट्रीय स्तर के कव्वाल, राष्ट्रीय स्तर का आर्केस्ट्रा, राष्ट्रीय स्तर के कवियों ने यहां आकर प्रस्तुति दी है। पुराने लोग यह भली भांति जानते हैं, लेकिन उनके बाद में यह सिलसिला थम गया। लेकिन संजय सिंह कछवाहा द्वारा यह जो सिलसिला शुरू किया गया, वह आज अपने चरम पर पहुंच गया हैं। वारासिवनी के नव दुर्गा उत्सव के लिए लोग इसकी प्रतीक्षा करते हैं और जिस तरीके से यहां बड़े-बड़े कलाकार आते हैं और जो आयोजन होता है। इतना बड़ा कार्यक्रम करना सहज नहीं हैं, इसके लिए जुनून चाहिए, यह जुनून संजय सिंह में हैं।

इसके बाद अधिवक्ता जाहिद हुसैन ने एक शेर पढ़ कर कहा कि हौसला मत हार, गिरकर ए मुसाफिर, ठोकरे तो हमको चलना सिखाती है, इस शानदार शेर को संजय सिंह कछवाहा के लिए पेश करते करती हुए कहा कि संजय भैया का इतिहास काफी संघर्षपूर्ण रहा हैं, जिससे आज भी हमें प्रेरणा मिलती हैं। मुझे याद है कि 15-20 साल पहले अस्पताल में एंबुलेंस के लिए फंड नहीं था, तब संजय सिंह ने अपने पिताजी के नाम से एंबुलेंस अस्पताल को भेंट किया और यह एक सतत प्रक्रिया हैं।

## खबर संक्षेप



### प्रधानमंत्री कॉलेज में पोषण, एनीमिया एवं योग-शारीरिक गतिविधियों के महत्व पर हुआ कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस सिवनी में उमंग उच्च शिक्षा वेलनेस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य जागरूकता एनीमिया से बचाव व योग के माध्यम से स्वस्थ्य रहने हेतू जाकरकता कार्यक्रम अंतर्गत स्वाथ्य मन स्वस्थ्य तन अभियान अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया इस आयोजन के शुभारम्भ मै प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग, डॉ श्याम सिंह राहँगडाले, डॉ राकेश चौरासे, कि गरिमामयी उपस्थिति मै हुआ कार्यक्रम मै उपस्थित छात्र छात्राओं को मानसी पलागर द्वारा प्रमुख जानकारिया दी गईं जिसमे पोषण का महत्व संतुलित आहार से शरीर को आवश्यक ऊर्जा और रोग प्रतिरोधक क्षमता मिलती है।

### कौमी एकता कमेटी के सदस्य निरंतर कर रहे रक्तदान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भीमगढ़ कॉलोनी निवासी तकीम खान उम्र 50 वर्ष को ब्लड की तत्काल आवश्यकता पड़ने पर उनके पुत्र कयूम खान ने कमेटी के वरिष्ठ सदस्य संजय यादव से अपनी आप बीती बताई संजय यादव ने तत्काल कमेटी अध्यक्ष से संपर्क किया कयूम खान ने कौमी एकता कमेटी अध्यक्ष असलम बाबा से संपर्क कर अपनी बात बताई और कहा उनके पिता को ब्लड लगना बहुत आवश्यक है काफी तकलीफ में है संगठन उनकी मदद करें असलम बाबा ने तत्काल कमेटी के उपाध्यक्ष बरकत खान से संपर्क किया बरकत खान ने अपने पुत्र फरमान खान को जिला चिकित्सालय में बुलाकर निशुल्क रक्तदान किया।

### अल्पविराम एक दिवसीय कार्यक्रमों 23 से

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राज्य आनंद संस्थान भोपाल के निर्देशन एवं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में सिवनी जिले के समस्त विकासखंडों में ब्लॉक स्तरीय अल्पविराम एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य शासकीय सेवकों में सकारात्मक सोच, आत्मचिंतन एवं कार्य के प्रति आनंद और संतोष की भावना को विकसित करना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अल्पविराम कार्यक्रम 23 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों का संचालन जिले के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा किया जाएगा,

### जिले में गौवर्धन पर्व पर गौशालाओं में होंगे विविध कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सर्वविदित है कि दिनांक 22 अक्टूबर 2025 को गौवर्धन पर्व मनाया जाएगा। यह पर्व सांस्कृतिक एवं धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस वर्ष भी जिला सिवनी में गौवर्धन पर्व धार्मिक मान्यताओं एवं जनभावनाओं के अनुरूप मनाया जाएगा। इस अवसर पर शासन से प्राप्त निर्देशानुसार जिले की सभी गौशालाओं में आवश्यकतानुसार विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। इनमें गौवर्धन पूजा, गोपूजन, उपस्थित नागरिकों द्वारा गोग्रास कार्यक्रम, गौशालाओं में कार्यरत गौसेवकों का सम्मान तथा गोमय एवं पंचगव्य उत्पादों पर संगोष्ठी या वक्तव्य का आयोजन शामिल रहेगा।

# रहवासी क्षेत्रों में पटाखा विक्रय एवं भंडारण पर पूर्ण प्रतिबंध

**दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सिवनी द्वारा आदेश जारी किया गया है। आदेशानुसार जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कोई भी फटाखा विक्रेता रहवासी क्षेत्र में फटाखा विक्रय या भंडारण नहीं करेगा।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



अनुमति प्राप्त अस्थाई फटाखा दुकानें केवल चयनित स्थल पर ही लगाई जा सकेंगी। अन्य स्थल पर पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

जारी आदेश के अनुसार अस्थाई फटाखा दुकानें आपस में पर्याप्त दूरी पर लगाई जाएंगी तथा एक-दूसरे के आमने-सामने नहीं होंगी ताकि आगजनी की घटनाओं से बचा जा सके। दुकानों में तेल लैम्प या खुली बिजली की बत्तियों का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। सभी विद्युत कनेक्शन सुरक्षित रूप से लगाए जाएंगे तथा प्रत्येक पंक्ति के लिए मास्टर स्विच और फ्यूज/सर्किट ब्रेकर अनिवार्य होंगे। प्रत्येक दुकानदार को दुकान में पानी से भरे ड्रम एवं रेत से भरी दो बाल्टियाँ रखना आवश्यक होगा। धूम्रपान, माचिस या किसी भी ज्वलनशील पदार्थ का उपयोग पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। सभी दुकानों पर धूम्रपान निषेध का बोर्ड प्रदर्शित किया जाना अनिवार्य होगा।

फटाखा विक्रेताओं को अपने लाइसेंस दुकान पर प्रदर्शित करना होगा। बिना लाइसेंस या लाइसेंस से भिन्न स्थान पर विक्रय करने पर संबंधित थाना प्रभारी द्वारा विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

नगरपालिका एवं ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया गया है कि चयनित स्थलों पर पानी के टैंकर एवं फायर ब्रिगेड 24 घंटे उपलब्ध रहें। साथ ही विस्फोटक नियम 2008 के नियम 84 तथा भारत सरकार के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

रहवासी क्षेत्रों, गलियों या सड़कों के किनारे, घरों या किराना दुकानों पर फटाखा विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



# चरवाहे पर बाघ ने किया हमला

**कुरई वन सामान्य परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपरवानी में दोपहर करीब 12 बजे एक दर्दनाक घटना घटी, जब शेर ने मवेशी चराने गए**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

चरवाहे खेमराज नान्हे पिता पांडुरंग (उम्र 55 वर्ष) पर अचानक हमला कर दिया। हमले में खेमराज नान्हे गंभीर रूप से घायल हो गया।

ग्रामीणों ने किसी तरह उसे बचाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होने पर नागपुर रेफर कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार, बीते कुछ वर्षों में इस तरह की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। उनका कहना है कि पेंच नेशनल पार्क में प्रतिदिन बढ़ती पर्यटकों की आवाजाही से जंगली जानवरों में मानव का भय समाप्त हो गया है, जिसके कारण वे अब गांवों के आसपास घूमते और हमला करते हैं।

# महिला शिक्षक के साथ अभद्रता, जातिसूचक शब्द कहकर दी जान से मारने की धमकी, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**शिक्षक समाज को दिशा देने वाला होता है, लेकिन जब उसी शिक्षक के साथ अन्याय और अपमान की घटना घट जाए, तो यह समाज के लिए गहरी चिंता का विषय बन जाता है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

ऐसी ही एक घटना डूण्डासिवनी के कबीर वार्ड में घटित हुई, जहाँ प्राथमिक शाला मोआर में पदस्थ एक महिला शिक्षक के साथ उनके पड़ोसी ने न केवल गाली-गलौज की, बल्कि जातिसूचक शब्द कहकर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कबीर वार्ड डूण्डासिवनी निवासी शिक्षिका अपने पति भीकम करवेती के साथ रहती हैं। बीते 15 अक्टूबर 2025 की रात करीब 9 बजे, उनके पड़ोसी बिजेश राय, जो सुशीला चौहान के मकान में किराए से रहता है, किसी लड़की के साथ घर आया था। जब शिक्षिका ने इस बारे में पूछताछ की, तो बिजेश राय और उसकी मकान मालकिन सुशीला चौहान ने मिलकर महिला शिक्षक को गंदी-गंदी माँ-बहन की गालियाँ दीं। शिक्षिका ने जब इसका विरोध किया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिजेश राय भोमा में जन शिक्षक है उसने यह जानते हुए कि वह गौड़ (अनुसूचित जनजाति) समुदाय से हैं, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी। इस पूरे घटनाक्रम को मोहल्ले के संजय चौकसे, नितिन यादव और शंकर सोनी ने देखा और सुना। इसके बाद पीड़िता अपने पति के साथ थाने पहुँची और पूरी घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर धारा 294, 506, 34 भादवि एवं एससी-एसटी एक्ट के तहत जांच शुरू कर दी है। महिला शिक्षक ने न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि "मैं एक शिक्षिका हूँ, समाज को सिखाने का काम करती हूँ।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने प्रतीकात्मक दीये विक्रेता बन स्वदेशी अपनाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



शनिवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने बुधवारी बाजार मे प्रतीकात्मक दीये विक्रेता बनकर स्वदेशी अपनाने का संदेश दिया आज सिवनी नगर में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने देश के यशस्वी प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाये जा रहे हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी की समाज में जागरूकता का संदेश देने बुधवारी बाजार मे पथ विक्रेता बुजुर्ग अम्मा के साथ दीया दुकान मे प्रतीकात्मक विक्रेता बनकर स्वदेशी दीये ग्राहकों को बेचा। तथा हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी का संदेश देते हुए कहा कि हम सभी भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लें।

इस अवसर पर आपके साथ भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इसके अलावा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रतिष्ठित नागरिक दिलीप सिंह परिहार का गत रात्रि हृदय गति रुकने से निधन हो जाने पर उनके गृह निवास ग्राम मारबोडी पहुँच कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा शोकाकुल परिवार से मिलकर शोक संवेदनायें व्यक्त किया। इसके साथ ही आपने लखनादौन नगर में दीपक निगम उपाध्यक्ष जनपद पंचायत के बड़े

# माँ अपने बेटे को देगी लिवर

**दिखाई अदम्य माँ की ममता, अब तक 2 लाख की जन सहयोग राशि प्राप्त**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

माँ शब्द अपने आप में त्याग, ममता और साहस की पहचान है। इसी का उदाहरण बनी हैं सिवनी की गीता सनोडिया, जिन्होंने अपने बेटे शौर्य सनोडिया को नया वन देने के लिए अपना लिवर डोनेट करने का साहसिक निर्णय लिया है। पिछले कई दिनों से शौर्य गंभीर बीमारी से जूझ रहा था और चिकित्सकों ने लिवर ट्रांसप्लांट की सलाह दी थी। सौभाग्य से माँ और बेटे का मैचिंग सफल हुआ है और ऑपरेशन किया जाएगा। आर्थिक सीमाओं के बावजूद परिवार ने हार नहीं मानी। समाजसेवियों और नागरिकों के सहयोग से लगभग 2 लाख की जन सहयोग राशि एकत्र हुई है, जिससे उपचार की राह आसान हुई है। गीता सनोडिया ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा माँ होने के नाते अपने बेटे को नया वन देना ही मेरा सबसे बड़ा धर्म है।

अब पूरे जिले की दुआएँ इस माँ-बेटे के साथ हैं। कल होने वाले ऑपरेशन की सफलता और शौर्य की शीघ्र स्वस्थता की कामना हर जुबान पर है। माँ गीता सनोडिया अपने बेटे शौर्य के साथ वनदान का दिन।

# कुरई पुलिस के हत्थे चढ़ा गौवंश तस्कर

**पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी ललित गठरे के मार्गदर्शन में कुरई थाना पुलिस ने गोवंश तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक टाटा पिकअप वाहन से 10 नग गोवंश बरामद किए हैं।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 17 अक्टूबर 2025 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक टाटा पिकअप वाहन में गोवंश भरकर नागपुर के कत्लखाने की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर कुरई पुलिस ने तत्काल नेशनल हाईवे-44 पर ग्राम कोठार पुलिया के पास नाकाबंदी की। पुलिस को देखकर वाहन चालक ने भागने का प्रयास किया, जिसके चलते पिकअप वाहन क्रमांक एमएच 37/टी3064 अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया और पलट गया। वाहन की जांच में 10 नग गोवंश मिले, जिनमें 7 वित एवं 3 मृत पाए गए। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से सभी वित गोवंशों को सुरक्षित किया तथा वाहन को जब्त कर लिया है। फरार आरोपी की तलाश जारी है। इस संबंध में कुरई पुलिस ने अपराध क्रमांक 499/25 पंबद्ध कर धारा 4, 6, 9 म.प्र. गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम, 6, 7 कुकुर पशु परिवहन अधिनियम, 11 पशु क्रूरता अधिनियम, 66(1)/192 मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की है।

### कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम

थाना प्रभारी निरीक्षक के.एस. तेकाम, सजनि भूपेन्द्र सिंह नागेश्वर, आरक्षक अविनाश पांडे, चंद्रलेश्वर नरवर एवं चालक यशपाल उइके ने सराहनीय भूमिका निभाई। इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से कुरई पुलिस ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि जिले में गोकशी और पशु तस्करी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# नरवाई प्रबंधन अपनाकर करें प्राकृतिक खेती : सहायक कृषि यंत्री

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सहायक कृषि यंत्री सिवनी ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के किसान मृदा स्वास्थ्य की उपेक्षा करते हुए सुविधा के लिए खेत में पड़ी फसल अवशेष (नरवाई) में आग लगाकर अगली फसल की बुआई कर रहे हैं। इससे मिट्टी की आद्रता नष्ट होती जा रही है, मिट्टी की गुणवत्ता घट रही है तथा वायु प्रदूषण के कारण मानव वन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि बार-बार रासायनिक खेती से मिट्टी की तासीर खराब हो रही है और खेत का कड़ापन बढ़ने के कारण किसानों को खेत तैयार करने में अधिक श्रम, समय और लागत लगती है। रासायनिक खेती से उत्पादित अनाज के सेवन से मानव शरीर में विभिन्न नई बीमारियाँ उत्पन्न हो रही हैं, जिनके इलाज में किसानों को अपनी आय का बड़ा हिस्सा दवाइयों पर खर्च करना पड़ता है।

इन समस्याओं से बचने के लिए किसानों को नरवाई प्रबंधन जैसे उपयुक्त कृषि उपकरणों का उपयोग करते हुए प्राकृतिक खेती अपनानी चाहिए। कृषि अभियांत्रिकी तथा कृषि विभाग के माध्यम से इस दिशा में जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्राकृतिक खेती में बाह्य आदानों, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग नहीं किया जाता है, जिससे यह पद्धति पर्यावरण के अनुकूल बनती है। इस खेती में लागत कम आती है तथा गोबर, गौमूत्र और फसल अवशेषों से तैयार जैविक खाद के माध्यम से पौधों को आवश्यक पोषण तत्व प्राप्त होते हैं।

# कांग्रेस ने की टिफिन पार्टी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के बीच बेहतर आपसी तालमेल और भाई चारे को बढ़ावा देकर संगठनात्मक एक जुटता को मजबूत करने की दृष्टि से कांग्रेस जनों के बीच आपसी सौहार्द पूर्ण वातावरण में सामुहिक भोजन करने के उद्धेश्य से टिफिन पार्टी किये जाने के प्राप्त निर्देशो के अनुसार जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी के निर्देशानुसार धार्मिक स्थल भैरोबाबा मंदिर ग्राउंड मंडला रोड़ सिवनी में अनेक कांग्रेस जनों द्वारा अपने घरो से लाए गए भोजन प्रसाद को आपस में बैठकर ग्रहण किया और उपस्थित कांग्रेस जनों द्वारा इस टिफिन पार्टी के माध्यम से जिले से जुडी अनेक बिन्दुओ पर चर्चा के साथ साथ कांग्रेस संगठन को ओर अधिक मजबूत बनाने सौहार्दपूर्ण वातावरण में विचार विमर्श किया गया, टिफिन पार्टी में उपस्थित कांग्रेस जनों ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह टिफिन पार्टी सिर्फ और सिर्फ भोजन ग्रहण करना ही नही है बल्कि कांग्रेस जनों के बीच आपसी सामंजस्य और भाई चारे को एक सूत्र में बांधने की एक मजबूत कडी है। टिफिन पार्टी के आयोजन में सर्वश्री प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजा बघेल, हा मो.असलम खान, मोहनसिंह चंदेल, शिवसनोडिया, रत्नेश चैकसे, तनवीर अहमद, रंत यादव, नितिन डहेरिया, आदित्य मोन्टू भूरा, खेलन राहंगडाले, डालचंद पप्पु पुसाम, विनोद यादव, शंकरलाल डहेरिया, यशपाल भलावी, श्रीमती गीतासिंह ठाकुर, श्रीमती ललिता बघेल, श्रीमती सीता निखारे, श्रीमती पवनरेखा रिनायत, श्रीमती सुनीता वर्मा, श्रीमती अनिता बघेल, ऋषभ सिंह ठाकुर, संजय बैस, रामकिशोर बघेल,राकेश बघेल, संजू बघेल सहित बडी संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिती रही।

# सुरक्षित स्पर्श-असुरक्षित स्पर्श विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बालविकास सिवनी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिला में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर थीम द गर्ल आई एम, द चेंज आई लीडः गर्ल्स ऑन द फ्रंटलाइन्स ऑफ क्राइसिस पर साप्ताहिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन एवं श्री मनोज लारोकर, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सिवनी के मार्गदर्शन में मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी एवं कर्मचारीयों के द्वारा स्थानीय सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय ग्राम बीझांवाड़ा सिवनी में सुरक्षित स्पर्श - असुरक्षित स्पर्श विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों को विशेष रूप से विभाग के बाल संरक्षण अधिकारी श्री विकास कुमार दुबे के द्वारा विस्तार से सुरक्षित स्पर्श असुरक्षित स्पर्श की जानकारी दी गई एवं साथ ही विद्यालय के बच्चों को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 की विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त प्रशिक्षण मे विद्यालय के प्रार्चाय श्री रूपचंद डहेरिया एवं सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय की शिक्षिकाये एवं कक्षा 1 से 8 तक के लगभग 80 बालक एवं बालिका उपस्थित रहे। इस दौरान बच्चों को विभाग द्वारा चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 से सम्बंधित स्टीकर का वितरण भी किया गया।

## बरघाट में बदला फटाखा बाजार का स्थान

# तहसीलदार और थाना प्रभारी ने हटवाई फटाखा दुकानें

**धारनाकला (बरघाट)।** दिवाली के मद्देनज़र जहां चारों ओर रौनक देखने को मिल रही है, वहीं धारनाकला गांव में एक बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। तहसीलदार बरघाट और थाना प्रभारी बरघाट की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत धारनाकला के समीप शासकीय जमीन पर लगी फटाखा दुकानों को तत्काल हटाने की कार्रवाई की। यह कदम सुरक्षा कारणों और संभावित हादसे को रोकने के लिए उठाया गया। बताया जा रहा है कि एक किराना व्यवसायी के हस्तक्षेप और शिकायत के बाद यह कार्यवाही की गई, क्योंकि दुकानें पंचायत भवन के बहुत नजदीक लगाई गई थीं, जिससे आगजनी का खतरा था।प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर फटाखा दुकानों के पंडाल हटवाए और दुकानदारों को गांव से बाहर शासकीय भूमि पर निर्धारित स्थान पर दुकान लगाने के निर्देश दिए। गांव में पर्याप्त सरकारी जमीन न होने के कारण, सरपंच ने पहले पंचायत के पास की खाली जगह दुकानदारों को आवंटित की थी। लेकिन सुरक्षा मानकों और नियमों का



उल्लंघन देखते हुए प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की। प्रशासन के आदेश का पालन करते हुए फटाखा व्यवसायियों ने तुरंत अपने पंडाल हटाए और नए स्थान पर दुकानें लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि गांव की कुछ किराना दुकानों में बिना लाइसेंस के थोक में फटाखा कारोबार हो रहा है, जबकि वैध लाइसेंसधारी दुकानदारों को एक दिन का सीमित व्यापार करने की अनुमति है। व्यवसायियों ने मांग की कि बिना लाइसेंस कारोबार करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। इस पर तहसीलदार और थाना प्रभारी ने निष्पक्ष जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया। फटाखा कारोबार अब पहले की तरह आसान नहीं रह गया है। शासन की गाइडलाइन के अनुसार, हर फटाखा व्यापारी को 'स्वघोषणा पत्र' (**Self Declaration Form**) भरकर देना होगा, जिसमें यह स्पष्ट करना होगा कि वह केवल 'ग्रीन क्रैकर्स (**Green Crackers**)' का ही निर्माण, भंडारण और विक्रय कर रहा है। यह नियम माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा रिट पिटीशन क्र. 728/2015 पर दिनांक 29 अक्टूबर 2021 को दिए गए आदेश के तहत लागू किया गया है। इस आदेश के अनुसार, प्रतिबंधित और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक फटाखों के निर्माण, भंडारण और विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इसी के चलते प्रशासन ने निर्देश दिया है कि बाजार में बेचे जाने वाले सभी फटाखों के सेम्पल मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, विजय नगर जबलपुर को जांच हेतु भेजे जाएंगे।

## हौसले की सुई से बुनी सफलता की कहानी

# श्रीमती मोनिका यादव की प्रेरक कहानी

**सिवनी 17 अक्टूबर 2025/** सिवनी जिले के घंसौर जनपद के छोटे से गाँव केदारपुर में रहने वाली श्रीमती मोनिका यादव आज आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुकी हैं। कभी दूसरों की सिलाई मशीन मांगकर कपड़े सिलने वाली मोनिका अब अपनी खुद की दुकान और सिलाई व्यवसाय चला रही हैं। मोनिका को सिलाई का हुनर तो पहले से था, लेकिन साधन सीमित थे। अपनी सिलाई मशीन न होने के कारण उन्हें हमेशा दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था। फिर भी, वे अपने मोहल्ले में कपड़े सिलाई का छोटा-मोटा काम करती थीं। मन में बस एक ही इच्छा थी अपना खुद का काम हो, अपनी मशीन हो, और अपनी पहचान बने। एक दिन उन्हें जानकारी मिली कि आजीविका मिशन घंसौर के तहत महिलाओं के लिए स्व-सहायता समूह बनाये जा रहे हैं। उन्होंने राधा रानी आजीविका स्व-सहायता समूह से जुड़ने का निर्णय लिया। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें न केवल आत्मविश्वास मिला बल्कि आगे बढ़ने का रास्ता भी दिखाई दिया।

समूह की बैठकों में जब उन्हें कैश क्रेडिट लिमिट (**CCL**) योजना के बारे में पता चला, तो उन्होंने बिना देर किए आवेदन किया। योजना के तहत 90,000 रुपये का ऋण प्राप्त कर उन्होंने अपनी पहली सिलाई मशीन



खरीदी। यह उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ।

अब मोनिका ने सिलाई का कार्य बड़े स्तर पर शुरू किया। गाँव की महिलाएं और आसपास के लोग उनके पास कपड़े सिलवाने आने लगे। काम बढ़ने के साथ उनकी आय में भी वृद्धि हुई। आत्मविश्वास से भरकर मोनिका ने अपने परिवार से परामर्श लिया और कपड़ों की दुकान भी शुरू की। आज मोनिका यादव अपने कपड़ा सिलाई कार्य और दुकान से 12 से 14 हजार प्रति माह की आय अर्जित कर रही हैं। पहले जहाँ उन्हें दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था, अब वे खुद रोजगार का माध्यम बन चुकी हैं। उनकी मेहनत और लगन ने न सिर्फ उनके जीवन को बदला, बल्कि गाँव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी।

### लग्जरी कार सहित लाखों का माल बरामद, एक आरोपी फरार

## हट्टा पुलिस ने बकरा-बकरी चोर गिरोह का किया पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले की हट्टा पुलिस ने बकरी और बाइक चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ा है। इस गिरोह में दो भाई नाबालिगों के साथ मिलकर कार से चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस ने एक आरोपी भाई और चोरी का माल खरीदने वाले को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरा भाई अभी फरार है।



इब्बू पठान



विशेष कोटांगले



पुलिस के अनुसार, आरोपी विनय कोटांगले और विशेष कोटांगले सगे भाई हैं। विनय एक ट्रैवल एजेंसी में ड्राइवर है। वह अपनी ट्रैवल की डिजायर कार का इस्तेमाल कर अपने भाई विशेष और चार नाबालिगों के साथ पिछले 5-6 महीनों से ग्रामीण क्षेत्रों में बकरा-बकरी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। ये चोरियां जिले के 50 किलोमीटर के दायरे में होती थीं।

चोरी किए गए बकरा-बकरी को आरोपी बालाघाट नगर के बूढ़ी निवासी इब्बू पठान को बेच देते थे। इब्बू पठान इन चोरी के मवेशियों का मांस बनाकर ग्राहकों को बेचता था। पुलिस ने गहन जांच के बाद विशेष कोटांगले और इब्बू पठान को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी में प्रयुक्त डिजायर कार, चोरी किए गए बकरा-बकरी और दो बाइक्स बरामद की हैं। हालांकि, लालबर्रा क्षेत्र के बहरई निवासी विनय कोटांगले अभी भी फरार है और उसकी तलाश जारी है।

हट्टा थाना प्रभारी अविनाश राठौड़ ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों से लगातार बकरा-बकरी चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। जांच में पता चला कि दोनों भाई नाबालिगों के साथ मिलकर इन चोरियों को अंजाम देते थे। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपियों ने अब तक इब्बू पठान को लगभग तीन लाख रुपए के मवेशी बेचे हैं। पुलिस आरोपियों के अन्य आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है।

## कार्रवाई : अवैध रेत परिवहन करते दो ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में खनिज विभाग और पुलिस ने अवैध रेत परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया है। पिछले तीन दिनों में दो ट्रैक्टर ट्रॉली सहित जब्त किए गए हैं, और नौ लोगों के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।



शनिवार को किरनापुर पुलिस ने अस्वीकृत कड़कना रेत घाट पर छापा मारा। यहां रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक बिना नंबर का ट्रैक्टर ट्रॉली सहित जब्त किया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर मालिक के खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

पिछले दो दिनों में खैरलांजी तहसील के नोनसा गांव से भी अवैध रेत परिवहन करते एक ट्रैक्टर ट्रॉली सहित बरामद किया गया, जिसके मालिक पर प्रकरण दर्ज हुआ। इसके अतिरिक्त, बालाघाट नगर से सटे गायखुरी-बालाघाट में वैनगंगा नदी से अवैध रेत खनन करते पाए जाने पर खनिज विभाग ने सात लोगों के खिलाफ कार्रवाई की।

गायखुरी वैनगंगा नदी में अवैध खनन करते पाए गए लोगों में ग्राम जागपुर के अनिल पिता अजीलाल, गोंगलई के भैयालाल पिता मेहतर मसराम, मांझापुर के अजय पिता पवन, वारासिवनी के गंगाराम पिता शिवराम भूरे, छतेरा के कपिल पिता कमल सिंह सर्राटे, गायखुरी के प्रशांत पिता राधेश्याम लिल्हारे और ग्राम डोंगरिया के उषाराम पिता भाऊलाल वल्के शामिल हैं।

इन सभी नौ लोगों के खिलाफ दर्ज प्रकरणों को आगे की कार्यवाही के लिए कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

## वन विकास निगम की बड़ी कार्रवाई : बोलेरो पिकअप वाहन सहित 13 सागौन लट्ठे जप्त



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लामता परियोजना मंडल बालाघाट के परिक्षेत्र लामता की उत्तर , दक्षिण कोटा बीट के अतंर्गत कक्ष क्रमांक 1136 में 17 अक्टूबर की रात्रि गश्ती के दौरान करीब 11.00 बजे परियोजना परिक्षेत्र लामता के कर्मचारियों द्वारा बोलेरो पिकअप वाहन मे 13 सागौन लट्ठे 1.456 छाल रहित, जप्त कर वाहन एवं वनोपज को काष्ठागार पाद्रीगंज लाया गया। वहीं जप्त वनोपज की किमत लगभग 85 हजार है। अज्ञात व्यक्ति के विरूध्द अवैध परिवहन का वनअपराध दर्ज किया गया हैं जिसमे भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33, 1 (ग) एवं मध्यप्रदेश (व्यापार विनियम) अधिनियम 1969 की धारा 5 (1) ग एवं 15,16,17 तथा मध्यप्रदेश अभिवाहन वनोपज नियम 2000 की धारा 41 के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 386/12 17 अक्टूबर को पंजीबद्ध किया गया तथा प्रकरण में जप्त वाहन क्रमांक MH40CT4329 को बीट प्रभारी के सुपुर्दगी मे लेकर प्रकरण की विवेचना कि जा रही है।

वन विकास निगम लामता परियोजना मंडल की टीम का सहयोग सराहनीय रहा, जिसमें परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी आर.पी. जरगे, बीट प्रभारी रविकुमार भारतीया (क्षेत्ररक्षक), जितेन्द्र बांगरे बीट प्रभारी (उत्तर, दक्षिण, पश्चिम मोहगाव) रामप्रसाद मड़ावी, लक्ष्मण यादव, वेदप्रकाश दमाहे, पवन आहके एवं रतन ग्वाले सुरक्षा श्रमिकों का सहयोग रहा।

## गर्रा में फटाका बाजार का ग्राम प्रधान ने किया शुभारंभ







हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

औद्योगिक नगरी गर्रा चौक में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पटाखा बाजार सज गया है। धनतेरस के शुभ अवसर पर ग्राम प्रधान वैभवसिंह बिसेन ने अपने वार्डपंच साथियों के साथ पटाखा बाजार में लगी दुकानों का फीता काटकर शुभारंभ किया। ग्राम प्रधान वैभव सिंह बिसेन, वार्ड पंच श्रीमती जुबेदा शाह सहित अन्य पंचों ने बाजार का निरिक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया, सभी दुकानदारों से वैभवसिंह बिसेन ने कहा कि व्यापारिक बंधु सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें तथा प्रशासन के द्वारा बनाई हुई गाइडलाइन का पालन करें। शुभारंभ के दौरान ग्राम के समस्त वार्डपंच व ग्रामीणो की उपस्थिति रही।

## मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया

**बालाघाट।** त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरी निकाय फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण वर्ष 2025 हेतु राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा श्री रविशंकर पटले सेवानिवृत्त (अपर कलेक्टर) राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी को जिला बालाघाट के लिए प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। उनका आगमन दिनांक 14 सितंबर 2025 को बालाघाट जिले में हो चुका है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी एस धुर्वे (अपर कलेक्टरर) से भेट पश्चात उनके द्वारा दिनांक 17 एवं 18 अक्टूबर को जनपद पंचायत बैहर, बिरसा, कटंगी, परसवाडा एवं नगरीय निकाय बैहर, कटंगी एवं नगर पालिका मलाजखण्ड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ER-1,2,3 के संबध में प्राधिकृत कर्मचारियों को सुझाव दिया गया एवं वर्ष 2023 पंचायत के अंतिम प्रकाशन दिनांक से 01 जनवरी 2025 की स्थिति में मृत मतदाताओं को विलोपित कर ER-2 के आवेदनों को भरने का सुझाव दिया गया । जिला कार्यालय द्वारा वर्ष 2023 पंचायत के अंतिम प्रकाशन दिनांक से 01 जनवरी 2025 की स्थिति में मृत मतदाताओं को विलोपित करने के संबध में पत्र भी जारी किया गया हैं एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को विशेष रूप से कार्य करने की हिदायत दी गई। क्योंकि म०प्र० राज्य निर्वाचन आयोग के लिये हर वोट कीमती एवं हर निकाय महत्वपूर्ण हैं।

### 22 को होगी टीएल बैठक

**बालाघाट।** प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाली समय सीमा बैठक (टीएल) दीपावली अवकाश होने के कारण आगामी 22 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 10:30 बजे से आयोजित की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को टीएल बैठक में समय सीमा प्रकरणों के निराकरण की जानकारी के साथ समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिये गए है।

### 5 बालिकाओं को लाड़ली लक्ष्मी योजना के स्वीकृति पत्र वितरित

## दूरस्थ ग्राम बोरवन में लगाया गया जनसमस्या निवारण शिविर

**बालाघाट।** जिला प्रशासन एवं पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में 18 अक्टूबर को किरनापुर विकासखंड के अंतर्गत दूरस्थ ग्राम बोरवन में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत बक्कर के अंतर्गत आने वाले वनग्राम बोरवन में आयोजित इस शिविर में बालाघाट रेंज के उप पुलिस महानिरीक्षक श्री विनित जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आदर्शकांत शुक्ला, एसडीएम श्री एमआर कोल, एसडीओपी श्री ओमप्रकाश, जनपद सीईओ श्री रामगोपाल यादव एवं अन्य विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण कराया। इस शिविर में ग्राम बोरवन, नंदोरा, सीतापार, बोदालझोला एवं बक्कर के ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर आये थे। शिविर में ग्राम पंचायत बक्कर के सरपंच श्री युवराज पांचे एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

शिविर में बोरवन के ग्रामीणों द्वारा मांग की गई कि उनके गांव में प्राथमिक शाला नहीं है, जिसके कारण वहां के बच्चों को 04 किलोमीटर दूर नंदोरा के स्कूल में पढ़ने जाना पड़ता है। बोनवन में आंगनवाड़ी केन्द्र भी नहीं है और आंगनवाड़ी की सुविधा के लिए बच्चों को नंदोरा ले जाना पड़ता है। अतः उनके गांव में प्राथमिक शाला एवं आंगनवाड़ी केन्द्र खोला जाये। बोदालझोला के ग्रामीण भी उनके गांव में आंगनवाड़ी केन्द्र खोलने की मांग लेकर आये थे। इस पर किरनापुर के बीआरसी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी को शासन के मापदंड के अनुसार एवं विशेष परिस्थितियों को देखते हुए प्राथमिक शाला एवं आंगनवाड़ी केन्द्र का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये गये।



शिविर में बोरवन के ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में बिजली तो है, लेकिन वोल्टेज नहीं मिलता है। अतः उनके गांव में अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाया जाये। बोदालझोला के ग्रामीण शिकायत लेकर आये थे कि उनके गांव में बिजली नहीं मिल रही है, लेकिन बिजली का बिल 02 हजार रुपये तक आ रहा है। इस पर पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ यंत्री को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। शिविर में ग्रामीणों द्वारा नल-जल योजना से पानी दिलाने, पेंशन योजना का लाभ दिलाने, राशन के लिए पात्रता पर्ची दिलाने, वन अधिकार पट्टा में फौती दर्ज कराने एवं लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही इन समस्याओं का निराकरण कराने का निर्देश दिये गये।

## अपर कलेक्टर पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के हितग्राही बालकों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में जिले में पी एम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना अंतर्गत लाभांवित बच्चों के साथ अपर कलेक्टर श्री जी एस धुर्वे द्वारा संवाद कर दीपावली की शुभकामनाऐं देकर उन्हे उपहार प्रदान किये गये और बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए मंगलकामनाएं दी। अपर कलेक्टर श्री धुर्वे से संवाद के दौरान उनकी शिक्षा, कैरियर, स्वास्थ्य एवं भविष्य के विषय में चर्चा की गई। उन्होंने बच्चों को आत्मनिर्भर बनने एवं भविष्य में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने तथा तय किये गये लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये प्रोत्साहित किया। अपर कलेक्टर श्री धुर्वे द्वारा बच्चों से उनको शासन द्वारा प्रदाय की सहायता के संबंध जानकारी ली गई।




## प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट परिसर में उत्साहपूर्वक मनाया गया धनतेरस का पर्व



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस, बालाघाट में दिनांक 18 अक्टूबर को धनतेरस पर्व बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्था परिसर को रंग-बिरंगी सजावट, दीपों की रोशनी और पुष्प-सज्जा से भव्य रूप प्रदान किया गया।समस्त स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी पारंपरिक परिधान में उपस्थित रहे, जिससे वातावरण में सांस्कृतिक गरिमा और उल्लास दोनों झलक रहे थे। कार्यक्रम में चेयरमैन श्री विक्रांत वर्मा, संचालिका श्रीमती दुर्गा वर्मा एवं प्राचार्य डॉ. शिवरतन पवार, शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक स्टाफ से डॉक्टर निलय शिन्दे, डॉक्टर प्रकाश शिववंशी, डॉक्टर कंचन बिसेन, अजय सूर्यवंशी, विनय साहू, गया प्रसाद बसेने, पूनम सिंह दशहरिए, गायत्री बिसेन,नेहा खान, पायल बागरी, निशा यादव, भुवनेश्वर सैनी, हेमंत सैनी ,शुभम् शर्मा, रश्मि हरिनखेड़े, कृष्ण कुमार बिसेन, ऋषिराम वर्मा, इंद्रेश बिसेन, रोहन वर्मा, पायल बड़ाइकर, जीवेंद्र पांचें, संकेत चौधरी, योगेश्वरी नगपुरे , रश्मि माहुले, ज्योति नगपुरे , प्रणाली पटले,ज्योति हटेवार,की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई।विद्यार्थियों ने पारंपरिक गीतों, दीप प्रज्वलन और सजावट में उत्साहपूर्वक भाग लेकर उत्सव को और भी जीवंत बना दिया। अंत में सभी ने एक-दूसरे को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और सुख, समृद्धि व उज्जवल भविष्य की कामना की।

### महिला पथ विक्रेताओं से किया संवाद — स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का दिया संदेश

## नपा अध्यक्ष भारती ठाकुर ने दीपावली पर्व पर स्थानीय पथ विक्रेताओं से की खरीदारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



दीपों के पर्व दीपावली के अवसर पर आयोग सदस्य मौसम दीदी व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर ने शनिवार को नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा स्थानीय पथ विक्रेताओं से संवाद किया। इस दौरान अध्यक्ष श्रीमती ठाकुर के साथ माननीय नेत्री आदरणीय मौसम दीदी के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद के पार्षदगण एवं पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इनमें भाजपा जिलाउपाध्पाक्ष मोनू पाण्डेय, समाजसेवी मीना चावड़ा,पार्षद सभापति श्री समीर चौरसवाल, श्री कमलेश पांसे, श्रीमती रेना धीरज सुराना प्रमुख रूप से सम्मिलित रहे। सभी ने मिलकर स्थानीय पथ विक्रेताओं से स्वदेशी वस्तुएं क्रय कर "वोकल फॉर लोकल" का संदेश दिया। इस अवसर पर श्रीमती ठाकुर ने विशेष रूप से महिला पथ विक्रेताओं से संवाद किया और उनके व्यापार, बिक्री की स्थिति तथा उन्हें आने वाली कठिनाइयों के विषय में जानकारी प्राप्त कर उन्हें बताया की सभी मिट्टी के द्वारा हस्तकला से निर्मित उत्पादों को पथकर से पूर्णतः छूट दी गई है। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों की खरीद से न केवल नगर की अर्थव्यवस्था को बल मिलता है, बल्कि स्व-रोजगार से जुड़ी महिलाओं और छोटे व्यापारियों को भी आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्राप्त होता है। अध्यक्ष ठाकुर ने कहा — "स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देना और स्व-रोजगार से जुड़ी महिलाओं का प्रोत्साहन समाज के समग्र सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दीपावली जैसे पर्व हमें यह प्रेरणा देते हैं कि हम अपने स्थानीय उत्पादकों और विक्रेताओं को भी इस उजाले में शामिल करें।"


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बालाघाट जिला-बालाघाट (म.प्र.) 481001

दूरभाष /फेक्स क्रमांक 07632-241318/247101 एवं ईमेल cmobalaghat@mpurban.gov.in

क्रमांक/स्वा./ई-निविदा/2025/8869 — बालाघाट, दिनांक 17/10/2025

**// निविदा-सूचना//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा निम्नांकित सामग्री क्रय करने/सेवॉए प्रदाय करने हेतु पंजीकृत संविदाकारो / पंजीकृत संस्थाओं से वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है -

| क्र. | टेंडर आई.डी. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | मात्रा | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_458187_1 | एल.ई.डी. तिरंगा रोप लाईट 18 मीटर एडाप्टर के साथ | 08 लाख | 16 हजार रूपए मात्र। | 2000/- | निर्माता/ अधिकृत विक्रेता | आवश्यकता -नुसार | कार्यालयीन आदेशानुसार |

नोटः- निविदा से संबंधित समस्त जानकारी एवं निविदा की शर्ते ऑनलाईन पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है एवं निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन केवल उक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

(बी.डी. कतरोलिया)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद बालाघाट, जिला-बालाघाट